बी.ई.सी.ई. - 143

# कला स्नातक (अर्थशास्त्र ऑनर्स) कार्यक्रम
## (बी.ए.ई.सी.एच)

सत्रीय कार्य (2024–2025)
जुलाई 2024 और जनवरी 2025

पाठ्यक्रम कोडः बी.ई.सी.ई.- 143
पाठय्क्रम का शीर्षक : पर्यावरण अर्थशास्त्र

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदानगढ़ी, नई दिल्ली -110 068

# पाठ्यक्रम कोड : बीईसीई- 143
# पाठ्यक्रम का शीर्षक : पर्यावरण अर्थशास्त्र
## कार्यक्रम कोडः बीएईसीएच
## सत्रीय् कार्य (टीएमए) 2024–25

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम दर्शिका में सूचित किया है, इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता हैः i) सत्रीय कार्य द्वारा सतत मूल्यांकन, और ii) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित है, जबकि सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक।

आपको 6 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 3 सत्रीय कार्य करने होंगे, और 4 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 2 सत्रीय कार्य करने होंगे। इस सत्रीय कार्य की पुस्तिका में **बी.ई.सी.ई.–143 पर्यावरण अर्थशास्त्र** नामक कोर पाठ्यक्रम का सत्रीय कार्य सम्मिलित है जो 6 क्रेडिट का पाठ्यक्रम है। इस पुस्तिका में 3 सत्रीय कार्य हैं जिनके कुल 100 अंक हैं, तथा मूल्यांक में 30 प्रतिशत वेटेज है।
सत्रीय कार्य **क** में वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न हैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखने होंगे। इनका प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ/जानकारी को व्यवस्थित, संगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

सत्रीय कार्य **ख** में मध्य श्रेणी के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्वप्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, जिसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। ये प्रश्न विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए हैं।

सत्रीय कार्य **ग** में संक्षिप्त श्रेणी के प्रश्न हैं। यह प्रश्न अवधारणाओं एवं प्रक्रियाओं की स्पष्ट समझ के बारे में प्रासंगिक/सटीक जानकारी को संक्षेप में याद रखने के कौशल को उत्तम बनाने के लिए है।

सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रम दर्शिका में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर किसी विशेष श्रेणी के लिए निर्धारित शब्द सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये कि इन सत्रीय प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन कौशल में सुधार होगा; तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे।

1) **योजना :** सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय कार्य के प्रश्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए उसके बारे में महत्त्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें, और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।

2) **संगठन :** अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर तथ्यों का चुनाव और विश्लेषण कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर विशेष ध्यान दें।

   उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिशचित कर लें कि :

   क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है;

   ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध है; तथा

   ग) उत्तर आपके भाव, शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही है।

3) **प्रस्तुतीकरण :** जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। **उत्तर साफ.साफ और अपनी हस्तलिपि में लिखना अनिवार्य है।** यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द–सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में उल्लेख किया गया है आप सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के योग्य होने के लिए सारे सत्रीय कार्य निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत जमा करने होंगें। पूरा किया गया सत्रीय कार्य **अपने अध्ययन केंद्र के संचालक** के पास निम्नलिखित समय–सारणी के अनुसार जमा कराएँः

| | |
|---|---|
| **31मार्च, 2025** | **जून 2025 सत्रांत परीक्षा में बैठने वाले छात्रों के लिए** |
| **30 सितंबर 2025** | **दिसंबर 2025 सत्रांत परीक्षा में बैठने वाले छात्रों के लिए** |

जमा कराये गये सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखें। सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें।

मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र को सत्रीय कार्य के अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली को भेजने होते हैं।

शुभकामनाओं के साथ,

अर्थशास्त्र संकाय

# बी.ई.सी.ई.–143 : पर्यावरण अर्थशास्त्र

**पाठ्यक्रम कोड : बी.ई.सी. ई.– 143**
**सत्रीय कार्य कोडः बीईसीई–143/एएसटी/टीएमए/2024–25**
**कुल अंकः100**

*सभी प्रश्नों के उत्तर दें।*

**भाग क – दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा 500 शब्द)। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। 2 × 20 = 40**

1) सार्वजनिक वस्तुएँ (लोक वस्तुएं) क्या हैं? उदाहरणों की सहायता से उनकी विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। क्या सार्वजनिक वस्तु का कुशल प्रावधान निजी वस्तु के कुशल प्रावधान से अलग है? उपयुक्त आरेखों की सहायता से अपने उत्तर की व्याख्या कीजिए।

2) कोज़ प्रमेय पर चर्चा करें। यह कैसे काम करता है? उदाहरण सहित समझाइए। क्या कोज़ियन सौदाकारी की कोई सीमाएँ हैं? उदाहरणों के साथ अपने उत्तर का समर्थन कीजिए।

**भाग ख – मध्यम उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा 250 शब्द)। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है। 3 × 10 = 30**

3) भुगतान तत्परता और स्वीकरण तत्परता के बीच अंतर कीजिए। उदाहरण दीजिए।

4) 'धारणीय विकास' शब्द से आप क्या समझते हैं? धारणीय विकास पर किन्हीं दो परिप्रेक्ष्यों की व्याख्या कीजिए।

5) निर्देश एवं नियंत्रण(सीएसी) दृष्टिकोण केसे काम करता है? इसके लाभों की चर्चा कीजिए।

**भाग ग – दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा 100 शब्द)। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है। 2 ×3 × 5 = 30**

6) निम्न के बीच अंतर कीजिए :

   (अ) उत्पादन में दक्षता और उपभोग में दक्षता।

   (ब) पर्यावरण संसाधनों के मूल्यांकन की घोषित अधिमान और प्रकाशित अधिमान विधियाँ।

   (स) पर्यावरण सेवाओं का प्रयोग–मूल्य और गैर–प्रयोग मूल्य।

7) निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

   (अ) पिगोवियन कर।

   (ब) आर्थिक परिसंपत्ति के भण्डारण एवं संभरण।

   (स) मात्रा लागत विधि।